विकास कार्यो के लिए एलडीए ने बढ़ाया 1000 करोड़ बजट

एलडीए बोर्ड सदस्यो ने दी मंजूरी, नए वित्तीय वर्ष की पहले तीन माह का बजट भी स्वीकृत

लखनऊ,आज समाचार सेवा। एलडीए बोर्ड ने नई आवासीय

जमीनों की खरीद-बिक्री के लिए 1500 करोड़

योजनाओं में जमीन की खरीद का बजट 1500 करोड़ रुपये और मार्च तक के लिए बढ़ा दिया है। अभी तक यह बजट 3500 करोड़ रुपये था। इसके अलावा विकास कार्यों पर पर खर्च होने बजट को भी एलडीए ने 31 मार्च तक के लिए 1000 करोड़ रुपये बढ़ा दिया है। चूंकि विधानसभा चुनाव आने वाले हैं ऐसे में एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के लिए भी 2468 करोड़ रुपये का बजट एलडीए बोर्ड ने पास कर दिया है। एलडीए सचिव सुशील प्रताप सिंह ने और लेखाधिकारी वीके श्रीवास्तव ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में एलडीए ने 4400 करोड़ रुपये आय का लक्ष्य रखा था जो सात महीने में ही पूरा हो गया है। इसलिए इसे बढ़ाकर अब 5400 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मार्च के बाद विधानसभा चुनाव होंगे ऐसे में नए वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में खर्च के लिए भी 2486 करोड़ का



बजट बोर्ड ने मंजूर कर दिया है। इसमें करीब 1000 करोड़ रुपये नई योजनाओं में जमीन खरीद के रहेगा। नैमिष और वरुण नगर योजना में करीब 40 हजार लोगों ने पंजीकरण कराया है। इससे करीब 500 करोड रुपये की राशि एलडीए को पंजीकरण से मिली है। लॉटरी के बाद जो लोग असफल होंगे उनका पैसा वापस करने के लिए भी 1200 करोड़ का बजट बोर्ड ने मंजूर कर दिया है। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार की अर्बन चैलेंज फंड योजना के तहत एलडीए शहर में चार नई पार्किंग बनाएगा। इसके अलावा अयोध्या रोड पर कैलाश कुंज कॉम्प्लेक्स को भी फिर से बनाएगा। योजना के तहत केंद्र सरकार एलडीए को प्रोजेक्ट लागत का 25 प्रतिशत बजट अनुदान के रूप में देगी। जो चार पार्किंग बनाई जाएंगी उनमें विवेक खंड, इकाना स्टेडियम के पास, अंबेडकर पार्क चौराहा के निकट और एक पत्रकारपुरम में बननी है। इसके लिए भी बोर्ड ने 500 करोड़ से अधिक के बजट को पास कर दिया है।

प्रबंधन नगर योजना के किसानों का प्रतिकर तय

लखनऊ,आज समाचार सेवा। पिछले 20 साल से फंसी एलडीए की बहुप्रतिक्षित सीतापुर रोड स्थित प्रबंध नगर आवासीय योजना को सोमवार को हुई एलडीए बोर्ड ने मंजूरी दे दी। अब हाईकोर्ट से स्थगन आदेश खारिज होते ही योजना को लॉन्च किया जाएगा। करीब 840 हेक्टेयर में आने वाली इस योजना के आने से दो लाख आबादी को आवासीय सुविधा मिलेगी। एलडीए सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि करीब दो महीने पहले न्यायालय भूमि अर्जन और पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण (लारा कोर्ट) ने लंबे समय से चल रहे जमीन मुआवजे के विवाद का निपटारा करते हुए मुआवजा तय कर दिया था। जिसमें यहां पर प्रति बीघा 01 करोड़ 10 लाख 70 हजार रुपये बीघा मुआवजा किसानों को मिलेगा। पहले यह 2.57 लाख रुपये प्रति बीघा था। किसानों को बढ़ा मुआवजा देने और योजना को शुरू करने के प्रस्ताव को बोर्ड ने सैद्धांतिक सहमति दी। चूंकि योजना पर हाईकोर्ट का स्थगन आदेश है, इसलिए हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही योजना को लॉन्च किया जाएगा। सचिव ने बताया योजना के खिलाफ लारा कोर्ट और हाईकोर्ट में कुल 56 किसानों ने मुकदमा किया था। इनमें से 44 ने लारा कोर्ट में बढ़ा मुआवजा देने की मांग की जिसे एलडीए ने मान लिया है। ऐसे में अब महज 12 केस बचे हैं। इनका भी निस्तारण हो जाएगा क्योंकि प्रबंधन योजना योजना को कोर्ट में महायोजना 2016 के तहत चुनौती दी गई है, जिसमें ग्रीन बेल्ट पर योजना न लाने को कहा गया, यदि इस पर भी एलडीए काम करेगा तो भी योजना चल जाएगी। इसके अतिरिक्त सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में लिए गये निर्णयो की जानकारी देते हुए सचिव एस पी सिंह ने बताया की अब एलडीए बोर्ड ही 6000 वर्ग मीटर तक की जमीन का भू उपयोग बदल सकेगा, अभी तक यह अधिकार शासन को था। उक्त मामले का एक प्रस्ताव लाया गया था ,जिसे सदस्यो ने चर्चा कर स्वीकृति दे दी है। इसके अतिरिक्त वेलनेस सिटी योजना में बंधा बनाया जा रहा है। इस कारण इस इलाके की कई इंटीग्रेटेड टाउनशिप के विकास कार्यों पर असर आएगा। **परिचालन से पास प्रस्तावों को भी हरी झण्डी** बैठक में पूर्व में एलडीए प्रशासन द्वारा परिचालन से पास प्रस्तावों को भी हरी झण्डी दिखा दी गयी है। जिसमें सिजी सिटी और वेलनेस सिटी जमीन का भू उपयोग कृषि से आवासीय करने, गोमती नगर विस्तार सेक्टर छह में साप्ताहिक बाजार के लिए तलपट मानचित्र में संशोधन को मंजूरी ,लैंड पूलिंग योजना की एसओपी को मंजूरी, वरुण विहार योजना में ग्राम समाज की 319.4698 हेक्टेयर का योजना में शामिल करने ,आईटी सिटी योजना में 10 एकड़ या उससे अधिक भूमि देने वालों को 50 प्रतिशत अविकसित भूमि देने की नीति तय करने , बसंतकुंज योजना के सेक्टर बी बस अड्डे के लिए जमीन देने को मंजूरी ,डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नवीन परिसर गोमती नगर विस्तार सेक्टर सात बनने वाले बिल्डिंगों के तलपट मानचित्र में संशोधन को मंजूरी ,बटलर पैलेस परिसर में अवैध रूप से रहने वालों को विस्थापित करने को मंजूरी ,लैंड पूलिंग वाले योजनाओं में आने वाले निर्माण का मुआवजा दिया जाने समेत मेट्रो डिपो के लिए ली गई कृषि विभाग की 20.358 एकड़ भूमि बसंतकुंज सेक्टर बी में दी जाएगी

बेकाबू कार ने ठेले में टक्कर मारी और फुटपाथ पर लगी दुकानों को उड़ाया

कार की चपेट में आकर बाइक सवार जख्मी

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। कृष्णानगर के सिंधु नगर में रविवार देर रात तेज रफ्तार तेज रफ्तार कार ड्राइवर ने सड़क किनारे फुटपाथ पर लगे ठेले और बाइक सवार को टक्कर मारते हुए फुटपाथ पर लगी दुकानों को उड़ा दिया। इसके बाद ड्राइवर कार लेकर भाग निकला। स्क हादसे में दुकानों पर रखा सामान बिखर गया और एक बाइक सवार घायल हो गया। उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई । सिंधु नगर इलाके के फुटपाथ पर ठेले पर फल की दुकान लगाने वाले विनोद गुप्ता निवासी भोला खेड़ा कृष्णानगर के मुताबिक, रविवार रात करीब सवार 12 बजे तेज रफ्तार कार ड्राइवर फुटपाथ पर लगे फल के ठेले व बाइक सवार समेत फुटपाथ पर लगी चूरा-लाई, दीपक समेत दीपवाली के अन्य सामान की दुकानों में टक्कर मार मौके से भाग निकला। कार की टक्कर से ठेला दुकानदार विनोद गुप्ता का लगभग 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ, जबकि लाई-चूरा और गट्टे आदि की दुकान लगाने वाले नवाबगंज उन्नाव निवासी फतीम व अरमान मौसीम निवासी बरिगवां थाना कृष्णानगर का लगभग 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ है । पीड़ित दुकानदार के अनुसार कार की चपेट में आए बाइक सवार मानस नगर निवासी अखिलेश तिवारी भी चोटिल हो गए, जिन्हें एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के उपरांत उन्हें घर भेज दिया गया, जबकि उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई । पीड़ितों ने कृष्णानगर थाने में मामले की लिखित शिकायत दी है । प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि फल दुकानदार आकाश गुप्ता की तहरीर मिली है । घटना स्थल के आसपास लगे सीसी कैमरे की फुटेज खंगाल आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है ।

राजधानी में धान खरीदी के लिये तीस केन्द्र स्थापित

धान खरीद की कार्यशाला में दिये गये निर्देश

लखनऊ। राजधानी के कलेक्ट्रेट में आज खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी के निर्देशन में धान खरीद की कार्यशाला का आयोजित हुई ।जिसमे जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता एवं मण्डी सचिव सीतापुर रोड व बन्थरा सहित केन्द्र प्रभारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया ।इस वर्ष धान का समर्थन मूल्य 2441 रूपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है जो गतवर्ष से 72 रूपये प्रति कुंतल अधिक है। इस वर्ष जनपद में धान क्रय का लक्ष्य 20000 मी टन निर्धारित किया गया है ।जिले में कुल 30 धान क्रय केन्द्र संचालित है ।जिनमें खाद्य विभाग के 11 व पीसीएफ के 17 एवं भारतीय खाद्य निगम के दो केन्द्र हैं ।इस वर्ष केन्द्र सरकार की एग्रीस्टैक योजना के अन्तर्गत प्रदेश में बनायी गयी किसानों की फॉर्मर आईडी किसान पहचान पत्र के आधार पर धान क्रय किया जायेगा किन्तु कृषक के पास फॉर्मर आईडी उपलब्ध नहीं होने पर अपरिहार्य स्थिति में कृषकों को खाद्य विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा जिसका सत्यापन पूर्व वर्षों की भाँति उपजिलाधिकारी द्वारा अपनी डीएससी से लॉक किया जायेगा ।इस वर्ष भी बटाईदारों एवं ट्रस्ट का धान क्रय किये जाने की व्यवस्था की गयी है। क्रय केन्द्रों पर हैण्डलिंग श्रमिकों का नाम, पिता का नाम एवं पता अंकित किया जायेगा ।क्रय केन्द्र पर खरीद आरम्भ होने के पूर्व श्रमिकों द्वारा प्रत्येक दिन प्रातः ई-पॉप डिवाइस पर बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करनी अनिवार्य होगी ।कार्यशाला में उपस्थित समस्त केन्द्र प्रभारियों को धान क्रय नीति के आवश्यक उपबन्धों से अवगत कराया गया ।एडीएम नाआ द्वारा उपस्थित सभी केन्द्र प्रभारियों को क्रय केन्द्र पर अपनी उपस्थिति समय से दर्ज करने, केन्द्र पर आने वाले कृषकों से नियमानुसार तथा मानक के अनुसार उनका धान क्रय करने के निर्देश दिये गये।

मनचले की धमकियों से तंग छात्रा ने लगाई फांसी

मलिहाबाद। 18 दिन पहले पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही की होती है तो आज रमगढ़ा की बेटी शकुन जिंदा होती। कसमण्डी कलां पुलिस चौकी की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता ने एक होनहार छात्रा को मौत के मुंह में धकेल दिया। गांव के मनचले की प्रताड़ना से तंग आकर छात्रा ने सोमवार दोपहर अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। बताते चले कि मलिहाबाद थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी कसमंडी के अंतर्गत रामगढ़ गांव निवासी मृतका के पिता राम लखन ने बताया कि मैं पत्नी और दो बेटियों के साथ रहता हूं। बेटे बाहर कमाते हैं। गांव का हंस कुमार मेरी बड़ी बेटी शकुन को महीनों से स्कूल आते-जाते रोकता था, छेड़ता था। 5 महीने पहले जब मैंने विरोध किया तो उसने मुझे पीटा और चाकू मारने की कोशिश की। उन्होंने रोते हुए बताया कि 13 अक्टूबर को वह खेत में चारा लेने गए थे। घर पर दोनों बेटियां अकेली थीं। इसी का फायदा उठाकर आरोपी शराब के नशे में घर में घुस आया और बेटी के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की।

श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय 24वीं अन्तर महाविद्यालयी प्रतियोगिता दिव्यांकुर का शुभारंभ



लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय 24वीं अन्तर महाविद्यालयी वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता दिव्यांकुर का सोमवार को मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जे पी सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया । इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र छात्राओं का बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करना एक शुभ संकेत है। सांस्कृतिक प्रतियोगितायें छात्र-छात्राओं में छिपे हुए विलक्षण गुणों को बाहर निकालती है और उनके सर्वांगीण विकास में मदद करती है। उन्होंने विद्यालय के सांस्कृतिक और शैक्षणिक वातावरण की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने विश्वविद्यालय की तरफसे महाविद्यालय को आवश्यक अपेक्षित सभी प्रकार के सहयोग बनाए रखने की बात कही। उन्होंने महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र और प्रशासन को प्रेरित करते हुए कहा की 100 साल पुराने महाविद्यालय में कोर्सेस की संख्या और बढ़ाई जाए। क्योंकि महाविद्यालय में युवाओं की अपेक्षा पर खड़ा उतरने के सभी गुण मौजूद है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो के के शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष वीएन मिश्र रिटायर्ड आईपीएस, ने की। प्रो अलका शर्मा संयोजक महाविद्यालय सांस्कृतिक समिति ने दो दिन चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

संक्षिप्त

जानकीपुरम के सिकंदरपुर में बनेगा सामुदायिक केंद्र



लखनऊ। रक्षामंत्री एव सांसद राजनाथ सिंह के निर्देशन में क्षेत्रीय विधायक डॉ नीरज बोरा ने आज जानकीपुरम द्वितीय वार्ड में सामुदायिक केंद्र का निर्माण राम जानकी वाटिका एवं सहारा स्टेट स्थित सरोवर के सौंदर्यीकरण हेतु भूमि पूजन किया गया ।वहीं लाला लाजपतराय वार्ड में ग्रीन बेल्ट भारतेंदु हरिश्चंद्र व फैजुल्लागंज के नौबस्ता के राम लीला मैदान में एक एक कक्ष के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया ।ये सभी कार्य विधायक निधि, लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं नगर विकास द्वारा पूर्ण कराए जाएंगे ।जानकीपुरम के सिकंदरपुर में सामुदायिक केंद्र के निर्माण का कार्य विधायक निधि से कराया जाएगा इसी निधि से भारतेंदु हरिश्चंद्र एवं फैजुल्लागंज प्रथम वार्ड के नौबस्ता स्थित रामलीला मैदान में मंच के पास एक-एक कक्ष का निर्माण कराया जाएगा ।भूमि पूजन के दौरान डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि सामुदायिक केंद्र बनने से क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी ।वही जानकीपुरम द्वितीय वार्ड के अंतर्गत ही सहारा स्टेट में मृत्युंजय मंदिर के निकट स्थित सरोवर के सौंदर्यीकरण का कार्य भूमि पूजन हुआ।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। सैरपुर के पास किसान पथ पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सैरपुर थाना प्रभारी मनोज कोरी के मुताबिक रविवार रात संसारपुर गांव का प्रमोद कुमार यादव (25) बाइक से जेहटा से अपने घर लौट रहा था। तभी वीरमपुर में एनएचएआई पार्किंग के सामने लोधमऊ की ओर तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल प्रमोद को पुलिस ने एम्बुलेंस से बीकेटी राम सागर मिश्र अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान प्रमोद की मौत हो गई। मामले में तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

एकेटीयू के डॉ अनुज शर्मा को मिला बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के एसो प्रोफेसर डॉ अनुज कुमार शर्मा एव नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डॉ मुकुल सक्सेना को वातावरण से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड गैस सोखने का उपाय देने वाले संयुक्त शोध पत्र को बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड मिला है। यह अवार्ड भारत सरकार की एमएसएमई पंजीकृत जेवियर इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च एंड डेवलपमेंट की ओर से आयोजित तीसरे इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रिसेंट ट्रेंड्स इन इंजीनियरिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी में दिया गया है। इस शोध पत्र में औद्योगिक उत्सर्जन के साथ ही सीधे वातावरण के कार्बन डॉइ ऑक्साइड सोखने नमी के प्रभाव को रोकने एवं शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय ने डॉ अनुज कुमार शर्मा को बधाई दी है।

मोबाइल टावर से तीन कार्ड और आठ एसपी चोरी

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। गुडम्बा कुर्सी रोड स्थित सेंट मैरी हॉस्पिटल के पास चोरों ने इंडस कंपनी के मोबाइल टावर से एयरटेल के तीन कार्ड व आठ-एसपी चोरी कर लिए। गोमती नगर निवासी व आरएस कम्पनी में टेक्नीशियन अशोक सिंह के मुताबिक रविवार रात करीब नौ बजे इंडस कंपनी के टावर से चोरी की वारदात हुई। घटना के बाद से मोबाइल सिग्नल बाधित हो गया। वह मौके पर पहुंचे उन्हें वहां एक संदिग्ध शख्स मिला। पीड़ित अशोक ने गुडंबा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

जेबकतरे ने लिफ्ट के बहाने प्लम्बर की जेब काटकर 40 हजार उड़ाए

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। गुडम्बा के फूलबाग कालोनी के पास सोमवार सुबह जेबकतरे ने लिफ्ट के बहाने बाइक सवार प्लम्बर रईस की जेब काटकर 40 हजार रुपये पार कर दिए। गुडम्बा इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि बाराबंकी कुर्सी के गंगौली निवासी रईस के मुताबिक सोमवार सुबह वह अलीगंज पोस्ट ऑफिस रुपये जमा करने जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे कुर्सी रोड रुक्मणी कोल्ड स्टोरेज के पास बाइक सवार दो लोगों ने उन्हें रोका। एक व्यक्ति ने कहा कि लखनऊ जा रहे हो तो उसके साथी को लेते जाओ। रईस ने उसके साथी को बाइक पर बैठा लिया। फूलबाग कालोनी के पास उसे उतारा। आरोपी के उतरने ने बाद पीड़ित ने देखा कि उसकी जेब कटी हुई है। जेब में रखे 40 हजार रुपए गायब है। मौके से आरोपी फरार हो चुका था। मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

रेलवे लाइन पर मिले शव को लेकर पिता ने जताई हत्या की आशंका

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। सुशांत गोल्फ सिटी के हरिहरपुर डिप्टीगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास मिले युवक के शव मिलने के बाद घरवालों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस उसे सिर्फ एक ट्रेन हादसा बता रही थी। इस पर पुलिस ने कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने हत्या और आपराधिक षड्यंत्र के आरोप में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। डीसीपी दक्षिण मोहम्मद मुश्ताक के मुताबिक मड़ियांव के प्रीती नगर के पृथ्वी पाल का बेटा राहुल कुमार सिंह (37) निजी नौकरी करता था। पिता के मुताबिक 24 अगस्त की शाम करीब छह बजे उन्होंने राहुल के मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। देर रात करीब डेढ़ बजे केशव नगर चौकी से एक सिपाही घर पहुंचा और बताया कि राहुल का शव पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में रखा है। पिता का आरोप है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राहुल के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में चोट के निशान मिले हैं। इससे उन्हें हत्या की आशंका है, जबकि पुलिस ने घटना को ट्रेन हादसा बताया था। उन्होंने तीन सितंबर को सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तहरीर देने के साथ ही डीजीपी, पुलिस कमिश्नर, डीसीपी, एसीपी को भी शिकायत भेजी थी। सुनवाई न होने पर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। डीसीपी मोहम्मद मुश्ताक ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

एक माह से बिस्तर पर पड़ी 75 वर्षीय महिला को केजीएमयू में मिली नई जिंदगी

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में



हरदोई निवासी 75 वर्षीय राधिका, जो करीब एक महीने से गिरने के कारण लगी चोट के बाद बिस्तर पर थीं को सफ्ल ऑपरेशन के बाद दोबारा चलने-फिरने की नई उम्मीद मिली है। करीब एक माह पहले जमीन पर फिसलकर गिरने से उनके दाहिने पैर की जांघ की हड्डी डिस्टल फीमर में फ्रैक्चर हो गया था। शुरुआत में चोट की गंभीरता का पता न चलने के कारण वह लगभग 20 दिनों तक घर पर ही दर्द निवारक दवाइयां लेती रहीं। बाद में एक्स.रे कराने पर फ्रैक्चर का पता चला। फ्रैक्चर की जटिलता को देखते हुए हरदोई जिला अस्पताल से उन्हें बेहतर उपचार के लिए केजीएमयू रेफर किया गया। विस्तृत जांच में पता चला कि जांघ की हड्डी का निचला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त था और हड्डी की गुणवत्ता भी कमजोर थी। मरीज की अधिक उम्र तथा हड्डी को हुए व्यापक नुकसान को देखते हुए सामान्य तरीके से प्लेट लगाकर फ्रैक्चर ठीक करना चुनौतीपूर्ण था। ऐसे में मरीज के उपचार के लिए डिस्टल फीमोरल मेगाप्रोस्थेसिस लगाने का निर्णय लिया गया। इस जटिल मामले की जिम्मेदारी केजीएमयू के प्रोफेसर एवं आर्थ्रोप्लास्टी तथा जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन प्रोफेसर डॉ नरेंद्र सिंह कुशवाहा ने अपनी टीम के साथ संभाली। उनकी टीम में डॉ रवि ;सीनियर रेजिडेंट, डॉ अश्विन एवं डॉ शशांक जूनियर रेजिडेंट, शामिल रहे। टीम ने 29 अक्टूबर 2026 को अत्यंत चुनौतीपूर्ण मेगाप्रोस्थेसिस सर्जरी सफ्लतापूर्वक सम्पन्न की। जटिल ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ शशांक कन्नौजिया एडिशनल प्रोफेसर व उनकी टीम ने निभायी। करीब एक महीने तक बिस्तर पर रहने के बाद मरीज का जटिल ऑपरेशन सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

एसजीपीजीआई में 20 वर्षीय युवक का सफल टोटल हिप रिप्लेसमेंट

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के चिकित्सकों ने गाजीपुर के 20 वर्षीय मरीज अंकित यादव के दोनों कूल्हों का एक ही बार में टोटल हिप रिप्लेसमेंट सफ्लतापूर्वक किया। मरीज के दोनों कूल्हे एंकिलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। यह एक तरह का क्रॉनिक इन्फ्लेमेटरी आर्थराइटिस गठिया है, जो मुख्य रूप से युवाओं में रीढ़ की हड्डी और बड़े जोड़ों को प्रभावित करता है। सर्जरी के बाद मरीज अब अपने पैरों पर पूरा वजन डाल सकता है, उसके घाव ठीक हो रहे हैं और उसे अस्पताल से छुट्टी मिलने के लिए वह तैयार है। मरीज को सबसे पहले एसजीपीजीआई के इम्यूनोलॉजी विभाग में भेजा गया था। वहां एंकिलोज़िंग स्पॉन्डिलाइटिस के लिए उसे बायोलॉजिक दवाएं दी गईं, लेकिन उसका दर्द कम नहीं हुआ। जब उसे ऑर्थोपेडिक्स विभाग में भेजा गया, तो पता चला कि उसका दायां कूल्हा पूरी तरह से और बायां कूल्हा आंशिक रूप से जुड़ गया था। उसका दायां कूल्हा लगभग 40 डिग्री और बायां कूल्हा लगभग 10 डिग्री के कोण पर मुड़ी हुई स्थिति में फिक्स हो गया था, जिससे उसके लिए खड़े होना, चलना और बैठना मुश्किल हो गया था। इसलिए दोनों कूल्हों को बदलने रिप्लेसमेंट की योजना बनाई गई। इस सर्जरी का नेतृत्व ऑर्थोपेडिक्स विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ कुमार केशव ने किया। **ऐसे मरीजों के लिए डायरेक्ट एंटीरियर अप्रोच क्यों मददगार है** यह जानकारी देते हुए प्रोफेसर कुमार केशव ने बताया कि आसान पोजिशनिंग एंकिलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस में कूल्हे अक्सर मुड़ी हुई बाहर की ओर घूमी हुई और बाहर की तरफफैली हुई स्थिति में फिक्स हो जाते हैं। इस वजह से मरीज को करवट दिलाना बहुत मुश्किल होता है। तकनीक में मरीज को सीधे पीठ के बल लिटाया जाता है। दोनों कूल्हों का एक साथ इलाज में दोनों पैरों को एक साथ तैयार किया जा सकता है और एक ही सर्जरी में दोनों कूल्हों का ऑपरेशन किया जा सकता है। पैरों की लंबाई पर नियंत्रण सर्जरी के दौरान दोनों पैरों की लंबाई की सीधे तुलना की जा सकती है, जिससे सर्जन को दोनों पैरों की लंबाई में अंतर को ठीक करने में मदद मिलती है। तकनीकी रूप से आसान चरण है इस स्थिति में सर्जरी के मुख्य चरण, जैसे कि फीमोरल नेक जांघ की हड्डी का ऊपरी हिस्सा को काटना काफी आसान हो जाते हैं।

नैमिष और वरुण विहार योजना में एलडीए खोलेगा और 95500 भूखंडों को पंजीकरण

लखनऊ,आज समाचार सेवा। एलडीए की सीतापुर रोड स्थित

एलडीए बोर्ड ने दी दोनों योजनाओं के दूसरे फेज के लेआउट को मंजूरी

नैमिष नगर और आगरा एक्सप्रेसवे स्थित वरुण विहार योजना में एलडीए आने वाले समय में करीब 95500 भूखंडों का पंजीकरण खोलेगा। ऐसे में जो लोग अपना घर बनाने चाहते हैं उनके लिए अच्छी खबर है। इसके लिए सोमवार को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई एलडीए की बोर्ड बैठक में दोनों योजना के दूसरे फेज के लेआउट को पास कर दिया गया है। दोनों योजनाओं में करीब एक लाख भूखंड विकसित किए जाने हैं । इनमें से करीब साढ़े चार हजार का पंजीकरण एलडीए कर चुका है। बोर्ड ने दोनों योजनाओं के जमीन के रेट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की है। नैमिष नगर योजना करीब 4100 एकड़ में विकसित की जा रही है। इसी तरह आगरा एक्सप्रेसवे के पास वरुण विहार योजना मकरीब 6850 एकड़ में विकसित की जा रही हैं। दोनों योजनाओं को बीती 24 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लॉन्च किया था। लॉन्चिंग के मौके पर दोनों योजनाओं में एलडीए की ओर से अगल-अलग क्षेत्रफल के करीब 4500 भूंखडों का पंजीकरण खोला गया था। यह 27 अक्तूबर को पूरा हो चुका है और चार से छह नवंबर तक लॉटरी होगी। इसी बीच सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में एलडीए ने दोनों योजनाओं के दूसरे फेज के लेआउट को भी मंजूर कर दिया है। ऐसे में अब दोनों योजनाओं में जितने भूखंड आवंटित किए जाने हैं, सबको मंजूरी मिल गई। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि दोनों योजनाए दो फेज में ही विकसित की जानी हैं और दोनों में करीब एक लाख भूखंड विकसित किए जाएंगे हैं। अब दोनों फेज को मंजूरी मिल गई है। ऐसे में पूरी योजना को मंजूरी मिल गई जो भूखंड विकसित होंगे उनको भी मंजूरी हो गई है। अब जैसे-जैसे विकास कार्य योजनाओं में होते जाएंगे उसी आधार पर पंजीकरण खोला जाता रहेगा। अब दीपावली के बाद दोनों योजनाओं में एक-एक हजार भूखंडों का पंजीकरण और खोला जाएगा। **वरुण विहार योजना में शामिल गांव.** भलिया, आदमपुर, इंदवारा, बहरू, जलियामऊ, मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी व सकरा । **नैमिष नगर योजना में शामिल गांव ..** गोपरामऊ, भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, सैरपुर, पुरवा, सैदापुर, फर्रुखाबाद, कोडारी भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पल्हरी, बैरूमऊ, धातिंगरा।

एलडीए अधिग्रहित करेगा आईटी सिटी योजना की 300 हेक्टेयर जमीन

लखनऊ,आज समाचार सेवा। सुल्तानपुर रोड स्थित आईटी सिटी योजना में आने वाले जिन गांवों के लोगों ने अभी तक अपनी जमीन लैंडपूलिंग में नहीं दी है उनकी जमीन अब एलडीए अधिग्रहित करेगा। इसको लेकर एलडीए की ओर से जिलाधिकारी की ओर से प्रस्ताव भी भेज दिया गया है। जैसे ही वहां से हरी झंडी मिलेगी एलडीए अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू कर देगा। सुल्तानपुर रोड पर एलडीए लैंडपूलिंग योजना के तहत आईटी योजना विकसित कर रहा है। करीब 1054 हेक्टेयर वाली इस आवासीय योजना में एलडीए अब तक करीब 500 हेक्टेयर योजना लैंडपूलिंग के जरिये जुटा चुका है। जिसमें लैंडपूलिंग करने वाले किसानों को 25 प्रतिशत विकसित जमीन दे रहा है। जिसमें लोगों को प्लाट आवंटित भी किए जा रहे हैं। लैंडपूलिंग की योजना करीब एक साल से चल रही है। इसके बाद भी अभी तक करीब 300 हेक्टेयर जमीन एलडीए को किसानों ने लैंडपूलिंग के तहत नहीं दी है। बाकी जो करीब 200 हेक्टेयर जमीन है वह ग्राम समाज की है। ऐसे में यह जमीन एलडीए शासन से कानूनी प्रक्रिया के बाद ले लेगा लेकिन जो बाकी 300 हेक्टेयर जमीन है उसका अब अधिग्रहण करेगा। इसके लिए एलडीए की ओर से जिलाधिकारी को प्रस्ताव भेज दिया गया है। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया की लैंडपूलिंग के तहत जमीन देने का काफी मौका किसानों को दिया जा चुका है। इस योजना में किसानों को अधिग्रहण की तुलना में कई गुना अधिक फायदा है। इसके बाद भी जिन लोगों ने जमीन नहीं दी अब उनकी जमीन अधिग्रहित की जाएगी क्योंकि लैंडपूलिंग लागू किए काफी समय हो गया है। **गांव में चार और शहरी सीमा में दो गुना दिया जाएगा मुआवजा** एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया अधिग्रहण के नियमों के तहत जिनकी जमीन ग्रामीण क्षेत्र में होगी उनको डीएम सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिया जाएगा और जिनकी जमीन शहरी क्षेत्र में आएगी उनको डीएम सर्किल रेट का दो गुना मुआवजा दिया जाएगा। योजना के दो -तीन गांव ऐसे हैं जिनका कुछ हिस्सा शहरी क्षेत्र में आता है। **योजना में शामिल हैं यह गांव** योजना के तहत जिन गांवो को शामिल किया गया है उसमें बक्कास, सिकंदरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, मोहारी कला, खुजौली और भटवारा, सोनई कंजेहरा और पहाड़ नगर टिकरिया शामिल हैं।

ईंट-पत्थर और डंडे से हमला कर युवक को किया लहूलुहान

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। आशियाना के सेक्टर-के में मध्य रात्रि घर से घूमने निकले युवक पर कुछ दबंग युवकों ने डंडे व ईंट-पत्थर से हमला कर घायल कर दिया । पीड़ित पिता की लिखित शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है । आशियाना थाना क्षेत्र के कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी सेक्टर-जी स्थित मदारी खेड़ा निवासी सुनील सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह के अनुसार उनका बेटा पुष्पेंद्र सोमवार की रात लगभग 12:30 बजे घूमने निकला था । इसी दौरान आशियाना थाना क्षेत्र में सेक्टर-के स्थित गीतांजलि सैलून के सामने पुद्दी राजपूत अपने कुछ अन्य साथियों के साथ पुष्पेंद्र को रास्ते में रोककर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा और डंडे व ईंट-गुम्मों से पीटकर घायल कर मौके से फरार हो गए । प्राथमिक उपचार के उपरांत पीं?त पिता ने स्थानीय आशियाना थाने में लिखित नामजद शिकायत दी। पिता की लिखित नामजद शिकायत सोमवार को मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक आशियाना गजेंद्र कुमार राय ने बताया कि पिता की शिकायत पर आरोपी पुद्दी राजपूत समेत उसके अन्य अज्ञात साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है ।